# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 10.7.25 | 12 | 1-2 |

## हकृवि में प्रवेश तैयारियां पूरी, 12 को करवाई जाएंगी परीक्षाएं

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बीएफएससी चार वर्षीय कोर्स, बीएससी एग्रीकल्चर छह वर्षीय कोर्स, बीएससी कम्युनिटी साइंस चार वर्षीय कोर्स के लिए 12 जुलाई को आयोजित की जाने वाली प्रवेश परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 4119 उम्मीदवारों ने आवेदन किए हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि प्रवेश परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं। परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय सहित हिसार शहर में 10 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं ताकि उम्मीदवारों को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े। परीक्षा संबंधी सभी तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों के लिए बैठने से संबंधित अन्य समुचित व्यवस्था भी कर ली गई है। कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन कुमार ने बताया कि सफलतापूर्वक परीक्षा के लिए परीक्षा केन्द्रों पर पुख्ता प्रबंध किए हैं। इसके लिए विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया गया है। प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में मोबाइल फोन, कैलकुलेटर व इलैक्ट्रोनिक डायरी जैसे उपकरण लेकर जाने की अनुमति नहीं होगी। इन उपकरणों को उन्हें परीक्षा केन्द्र के बाहर छोडवा होगा जिनकी सुरक्षा की जिम्मेवारी उम्मीदवारों की ही होगी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| | 10.7.25 | 7 | 6.8 |

दैनिक भास्कर


# बारिश के मौसम में बागों पर होता है फल मक्खी का ज्यादा प्रकोप, ग्रसित फलों को मिट्टी में दबाएं

## अमरूद, आम, आड़ू, नाशपति और नींबू के बागों में पहुंचाती है ज्यादा हानि

यशपाल सिंह | हिसार

हरियाणा में बागवानी फसलों का क्षेत्रफल बढ़ता जा रहा है। इनमें मुख्यतः अमरूद, किन्नू, आम, आड़ू, नाशपाती, नींबू व मौसमी प्रमुख है। बागों में इन दिनों फल मक्खी का आक्रमण सबसे ज्यादा होता है। यह अमरूद की फसल में 90 प्रतिशत तक नुकसान कर सकती है। फल मक्खी की मुख्यतः दो प्रजातियां (बैक्ट्रोसेरा डोर्सालिस एवं बैक्ट्रोसेरा जोनाटा) नुकसान करती है। फल मक्खी के प्रौढ़ मार्च-अप्रैल से शुरू होकर नवंबर-दिसंबर तक विभिन्न फसलों को नुकसान करते हुए पाए जाती हैं।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि फल मक्खी फसल से दूसरी व दूसरी से तीसरी फसलों में अपना जीवन चक्र पूर्ण कर निरंतर नुकसान करती रहती है। इस मक्खी के प्रौढ़ घरेलू मक्खी से छोटी व पंख सुनहरे भूरे रंग के होते हैं। मादा मक्खी फलों की ऊपरी सतह के नीचे अंडे देती है। जिनमें कुछ दिनों बाद चावल के दाने जैसे आकार वाले सफेद रंग के कीड़े पनपते हैं जोकि फल को गला देते हैं।

### फल मक्खी के नियंत्रण के उपाय



1. खेत की जुताई 15-20 दिन के अंतराल पर करते रहें। नीचे गिरे फल मक्खी ग्रसित फलों को प्रतिदिन या एक दिन छोड़कर एकत्रित करें। जमीन में 2 फुट गहरा गढ्ढा खोदकर उसमें दबा दें या इन फलों को थैलों में भरकर थैले का मुंह बांध दें।

2. कीट के नियंत्रण के लिए 14-16 फल मक्खी ट्रैप जुलाई में अमरूद के बाग में लगा सकते हैं। बाग में ट्रैप के साथ नीम आधारित कीटनाशकों का 5-10 मिलीलीटर पानी में मिलाकर 15-20 दिन के अन्तराल पर प्रयोग करें।

3. ज्यादा प्रकोप होने पर 500 मिली मैलाथियान 50 ई.सी. + 5 किग्रा गुड़ या चीनी को 500 लीटर पानी में मिलाकर प्रति एकड़ छिड़कें। अगर प्रकोप बना रहता है तो छिड़काव 7 से 10 दिन के अंतर दोहराएं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 10.7.25 | 4 | 1-2 |

## एचएयू में प्रवेश परीक्षा 12 जुलाई को, 10 परीक्षा केंद्र बनाए

**हिसार** | हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) हिसार के बीएफएससी चार वर्षीय कोर्स, बीएससी एग्रीकल्चर छह वर्षीय कोर्स, बीएससी कम्युनिटी साइंस चार वर्षीय कोर्स के लिए प्रवेश परीक्षा 12 जुलाई को होगी। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 4119 उम्मीदवारों ने आवेदन किए हैं। उन्होंने बताया इस परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय सहित हिसार शहर में 10 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं ताकि उम्मीदवारों को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े। कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन कुमार ने बताया कि परीक्षा के लिए विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 10.7.25 | 5 | 1-3 |


# हकृवि में प्रवेश परीक्षा को लेकर तैयारियां पूरी, 12 जुलाई को होगी परीक्षा : प्रो. बी.आर. काम्बोज

हिसार, 9 जुलाई (विरेंद्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बीएफएससी चार वर्षीय कोर्स, बीएससी एग्रीकल्चर छः वर्षीय कोर्स, बीएससी कम्युनिटी साइंस चार वर्षीय कोर्स के लिए 12 जुलाई को आयोजित की जाने वाली प्रवेश परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 4119 उम्मीदवारों ने आवेदन किए हैं। प्रवेश परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं। उन्होंने बताया इस परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय सहित हिसार शहर में 10 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं ताकि उम्मीदवारों को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि परीक्षा संबंधी सभी तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों के लिए बैठने से संबंधित अन्य समुचित व्यवस्था भी कर ली गई हैं।

कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन कुमार ने बताया कि सफलतापूर्वक परीक्षा के लिए परीक्षा केन्द्रों पर पुख्ता प्रबंध किए हैं। इसके लिए विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया गया है। प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में मोबाइल फोन, कैलकुलेटर व इलैक्ट्रोनिक डायरी जैसे उपकरण लेकर जाने की अनुमति नहीं होगी। इन उपकरणों को उन्हें परीक्षा केन्द्र के बाहर छोड़ना होगा जिनकी सुरक्षा की जिम्मेवारी उम्मीदवारों की ही होगी।

उम्मीदवारों को अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड करके सत्यापित फोटो के साथ लाना होगा। बिना एडमिट कार्ड के वे परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं पा सकेंगे। उन्होंने बताया कि उपरोक्त प्रवेश परीक्षा का समय बीएफएससी चार वर्षीय कोर्स के लिए प्रातः 10 बजे से दोपहर 1:30 बजे, बीएससी (आनर्ज़) कम्यूनिटी साइंस के लिए 2:30 बजे से सांय 5 बजे जबकि बीएससी एग्रीकल्चर छः वर्षीय कोर्स के लिए प्रातः 10:00 से दोपहर 12:30 बजे तक होगा परंतु उम्मीदवारों को परीक्षा आरंभ होने के एक घंटा पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र पर पहुंचना अनिवार्य होगा। अभ्यार्थी को बिना किसी प्रिंट/पैटर्न/टेक्स्ट की सादे आधी बाजु वाली शर्ट पहन के आने होंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या के लिए उम्मीदवार विश्वविद्यालय के फ्लैचर भवन स्थित सहायक कुलसचिव (एकेडमिक) के कार्यालय में प्रातः 7:00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक आकर मिल सकते हैं अन्यथा कार्यालय के फोन नं. 01662-255254 पर संपर्क कर सकते हैं। उम्मीदवार प्रवेश परीक्षा संबंधी सभी महत्वपूर्ण जानकारियां विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध प्रोस्पेक्टस में देख सकते हैं। उन्होंने उम्मीदवारों व उनके अभिभावकों से अपील की है कि प्रवेश परीक्षा संबंधी नवीनतम जानकारियों के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर चेक करते रहें।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 10.7.25 | 5 | 1-5 |

# हकृवि में प्रवेश परीक्षा 12 को, तैयारी पूरी : काम्बोज

जागरण संवाददाता • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बीएफएससी चार वर्षीय कोर्स, बीएससी एग्रीकल्चर छह वर्षीय कोर्स, बीएससी कम्युनिटी साइंस चार वर्षीय कोर्स के लिए 12 जुलाई को प्रवेश परीक्षा होगी। उसकी सभी तैयारियां पूरी हो चुकी है।



प्रो. बीआर काम्बोज।

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 4119 उम्मीदवारों ने आवेदन किए हैं। प्रवेश परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं। उन्होंने बताया इस परीक्षा के लिए




हकृवि का चार नंबर गेट।

विश्वविद्यालय सहित हिसार शहर में 10 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं ताकि उम्मीदवारों को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े। परीक्षा संबंधी सभी तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों के लिए बैठने से संबंधित अन्य समुचित व्यवस्था भी कर ली गई है।

कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक डा. पवन कुमार ने बताया कि सफलतापूर्वक परीक्षा के लिए परीक्षा केन्द्रों पर पुख्ता प्रबंध किए हैं। इसके लिए विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में मोबाइल फोन, कैलकुलेटर व इलेक्ट्रोनिक डायरी जैसे उपकरण लेकर जाने की अनुमति नहीं होगी।

## बीएफएससी कोर्स के लिए सुबह 10 बजे से शुरू होगी परीक्षा

उन्होंने बताया कि उपरोक्त प्रवेश परीक्षा का समय बीएफएससी चार वर्षीय कोर्स के लिए प्रात: 10 बजे से दोपहर 1:30 बजे, बीएससी (आनर्ज) कम्यूनिटी साइंस के लिए 2:30 बजे से सायं 5 बजे जबकि बीएससी एग्रीकल्चर छह वर्षीय कोर्स के लिए प्रात: 10 से दोपहर 12.30 बजे तक होगा। परंतु उम्मीदवारों को परीक्षा आरंभ होने के एक घंटा पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र पर पहुंचना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थी को बिना किसी प्रिंट/पैटर्न/टेक्स्ट की सादे आधी बाजू वाली शर्ट पहन के आने होंगे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 10.7.25 | 5 | 1-2 |

## हकृवि में प्रवेश परीक्षा को लेकर तैयारियां पूरी, 12 को होगी परीक्षा

### द्वितीय चरण में विद्यार्थी 10 केन्द्रों पर देंगे परीक्षा

हिसार, 9 जुलाई (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बी.एफ.एस.सी. चार वर्षीय कोर्स, बी.एस.सी. एग्रीकल्चर छह वर्षीय कोर्स, बी.एस.सी. कम्युनिटी साइंस चार वर्षीय कोर्स के लिए 12 जुलाई को आयोजित की जाने वाली प्रवेश परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 4119 उम्मीदवारों ने आवेदन किए हैं। प्रवेश परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं।

उन्होंने बताया इस परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय सहित हिसार शहर में 10 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं ताकि उम्मीदवारों को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि परीक्षा संबंधी सभी तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों के लिए बैठने से संबंधित अन्य समुचित व्यवस्था भी कर ली गई हैं।

कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन कुमार ने बताया कि सफलतापूर्वक परीक्षा के लिए परीक्षा केन्द्रों पर पुख्ता प्रबंध किए हैं। इसके लिए विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया गया है। प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में मोबाइल फोन, कैलकुलेटर व इलैक्ट्रोनिक डायरी जैसे उपकरण लेकर जाने की अनुमति नहीं होगी। इन उपकरणों को उन्हें परीक्षा केन्द्र के बाहर छोड़ना होगा।

उम्मीदवारों को अपना एडमिट कार्ड डाऊनलोड करके सत्यापित फोटो के साथ लाना होगा। बिना एडमिट कार्ड के वे परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं पा सकेंगे। उन्होंने बताया कि उपरोक्त प्रवेश परीक्षा का समय बी.एफ.एस.सी. चार वर्षीय कोर्स के लिए प्रातः 10 बजे से दोपहर 1:30 बजे, बी.एस.सी. (आनर्ज) कम्यूनिटी साइंस के लिए 2:30 बजे से सांय 5 बजे जबकि बी.एस.सी. एग्रीकल्चर छह वर्षीय कोर्स के लिए प्रातः 10 से दोपहर 12.30 बजे तक होगा परंतु उम्मीदवारों को परीक्षा आरंभ होने के एक घंटा पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र पर पहुंचना अनिवार्य होगा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पाठकपक्ष न्यूज | 09.07.2025 | -- | -- |

# हकृवि में प्रवेश परीक्षा को लेकर तैयारियां पूरी, 12 जुलाई को होगी परीक्षा : प्रो. बी.आर. काम्बोज

पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 9 जुलाई :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बीएफएससी चार वर्षीय कोर्स, बीएससी एग्रीकल्चर छः वर्षीय कोर्स, बीएससी कम्युनिटी साइंस चार वर्षीय कोर्स के लिए 12 जुलाई को आयोजित की जाने वाली प्रवेश परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं।

## द्वितीय चरण में विद्यार्थी 10 केन्द्रों पर देंगे परीक्षा




विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 4119 उम्मीदवारों ने आवेदन किए हैं। प्रवेश परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं। उन्होंने बताया इस परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय सहित हिसार शहर में 10 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं ताकि उम्मीदवारों को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि परीक्षा संबंधी सभी तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों के लिए बैठने से संबंधित अन्य समुचित व्यवस्था भी कर ली गई है।

कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन कुमार ने बताया कि सफलतापूर्वक परीक्षा के लिए परीक्षा केन्द्रों पर पुख्ता प्रबंध किए हैं। इसके लिए विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया गया है। प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में मोबाइल फोन, कैलकुलेटर व इलैक्ट्रोनिक डायरी जैसे उपकरण लेकर जाने की अनुमति नहीं होगी। इन उपकरणों को उन्हें परीक्षा केन्द्र के बाहर छोड़ना होगा जिनकी सुरक्षा की जिम्मेवारी उम्मीदवारों की ही होगी।

उम्मीदवारों को अपना एडमिट कार्ड डाऊनलोड करके सत्यापित फोटो के साथ लाना होगा। बिना एडमिट कार्ड के वे परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं पा सकेंगे। उन्होंने बताया कि उपरोक्त प्रवेश परीक्षा का समय बीएफएससी चार वर्षीय कोर्स के लिए प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 1:30 बजे, बीएससी (आनर्ज़) कम्यूनिटी साइंस के लिए 2:30 बजे से सांय 5 बजे जबकि बीएससी एग्रीकल्चर छः वर्षीय कोर्स के लिए प्रातः 10:00 से दोपहर 12.30 बजे तक होगा परंतु उम्मीदवारों को परीक्षा आरंभ होने के एक घण्टा पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र पर पहुंचना अनिवार्य होगा। अभ्यार्थी को बिना किसी प्रिंट/पैटर्न/टेक्स्ट की सादे आधी बाजु वाली शर्ट पहन के आने होंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या के लिए उम्मीदवार विश्वविद्यालय के फ्लैचर भवन स्थित सहायक कुलसचिव (एकेडमिक) के कार्यालय में प्रातः 7.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक आकर मिल सकते हैं अन्यथा कार्यालय के फोन नं. 01662-255254 पर संपर्क कर सकते हैं। उम्मीदवार प्रवेश परीक्षा संबंधी सभी महत्वपूर्ण जानकारियां विश्वविद्यालय की वेबसाइट hau.ac.in और admissions.hau.ac.in पर उपलब्ध प्रोस्पेक्टस में देख सकते हैं। उन्होंने उम्मीदवारों व उनके अभिभावकों से अपील की है कि प्रवेश परीक्षा संबंधी नवीनतम जानकारियों के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर चेक करते रहें।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| नभ छोर | 09.07.2025 | -- | -- |

# हकृवि में प्रवेश परीक्षा : जिले के 10 परीक्षा केन्द्रों पर 4119 विद्यार्थी 12 जुलाई को देंगे एग्जाम

नभ-छोर न्यूज़ ▶▶ 09 जुलाई

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बीएफएससी चार वर्षीय कोर्स, बीएससी एग्रीकल्चर छः वर्षीय कोर्स, बीएससी कम्युनिटी साइंस चार वर्षीय कोर्स के लिए 12 जुलाई को आयोजित की जाने वाली प्रवेश परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआएर काम्बोज ने बताया कि उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 4119 उम्मीदवारों ने आवेदन किए हैं। प्रवेश परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं। उन्होंने बताया इस परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय सहित हिसार शहर में 10 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं ताकि उम्मीदवारों को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि परीक्षा संबंधी सभी तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों के लिए बैठने से संबंधित अन्य समुचित व्यवस्था भी कर ली गई हैं।

## प्रत्येक परीक्षार्थी की होगी फोटोग्राफी

कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन कुमार ने बताया कि सफलतापूर्वक परीक्षा के लिए परीक्षा केन्द्रों पर पुख्ता प्रबंध किए हैं। इसके लिए विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया गया है। प्रत्येक परीक्षार्थी की फोटोग्राफी भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में मोबाइल फोन, कैलकुलेटर व इलैक्ट्रोनिक डायरी जैसे उपकरण लेकर जाने की अनुमति नहीं होगी। इन उपकरणों को उन्हें परीक्षा केन्द्र के बाहर छोड़ना होगा जिनकी सुरक्षा की जिम्मेवारी उम्मीदवारों की ही होगी।

## एडमिट कार्ड साथ लाना होगा

उम्मीदवारों को अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड करके सत्यापित फोटो के साथ लाना होगा। बिना एडमिट कार्ड के वे परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं पा सकेंगे। उन्होंने बताया कि उपरोक्त प्रवेश परीक्षा का समय बीएफएससी चार वर्षीय कोर्स के लिए प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 1:30 बजे, बीएससी (आनर्ज) कम्यूनिटी साइंस के लिए 2:30 बजे से सांय 5 बजे जबकि बीएससी एग्रीकल्चर छः वर्षीय कोर्स के लिए प्रातः 10:00 से दोपहर 12.30 बजे तक होगा परंतु उम्मीदवारों को परीक्षा आरंभ होने के एक घण्टा पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र पर पहुंचना अनिवार्य होगा। अभ्यार्थी को बिना किसी प्रिंट/पैटर्न/टेक्स्ट की सादे आधी बाजु वाली शर्ट पहन के आने होंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या के लिए उम्मीदवार विश्वविद्यालय के फ्लैचर भवन स्थित सहायक कुलसचिव (एकेडमिक) के कार्यालय में प्रातः 7.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक आकर मिल सकते हैं अन्यथा कार्यालय के फोन नं. 01662-255254 पर संपर्क कर सकते हैं। उम्मीदवार प्रवेश परीक्षा संबंधी सभी महत्वपूर्ण जानकारियां विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध प्रोस्पेक्टस में देख सकते हैं।